Regarding PMAY(G)

श्री सागर ईश्वर खंड्रे **(बीदर) :** महोदया, धन्यवाद ।

महोदया, आज मैं पीएमएवाई-जी के घरों के बारे में बात करना चाहता हूँ । पिछले 5 सालों में हमारे क्षेत्र को 5 हजार घर भी नहीं आए हैं, लेकिन आज एक ही साल में मेरे निरंतर प्रयास से 50 हजार से ज्यादा घरों का टारगेट हमारे बीदर क्षेत्र को मिला है । इसलिए मैं मंत्री जी को भी धन्यवाद बोलना चाहता हूँ, लेकिन इस टारगेट में से अभी सिर्फ 35 परसेंट घर सैंक्शन हुए हैं और डेडलाइन की डेट 31 मार्च 2025 थी । मैं सरकार से विनती करता हूँ कि इस डेडलाइन को एक्सटेंड करना चाहिए । मेरी माँग है कि हमारे बीदर क्षेत्र को और ज्यादा 50 हजार एडिशनल घर सैंक्शन करना चाहिए । धन्यवाद ।